वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर

प्रेस–विज्ञप्ति

एतदद्वारा समस्त सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय द्वारा सम्पन्न करायी गयी **मुख्य परीक्षा 2022 में उत्तीर्ण/अनुत्तीर्ण छात्र/छात्राओं हेतु बैकपेपर/अंकसुधार परीक्षा– 2022 में परीक्षा फार्म भरने एवं जमा करने हेतु** निम्नवत् तिथियाँ बढ़ाई जाती हैं–

क्र.सं.	कार्यक्रम	निर्धारित तिथि
1	आनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र अपलोड करने हेतु निर्धारित तिथि	दिनांक : 19.10.2022 से 20.10.2022 तक
2	महाविद्यालयों द्वारा फार्म संशोधन एवं सत्यापन (**Verification**) हेतु निर्धारित तिथि	दिनांक : 21.10.2022 से 22.10.2022 तक
3	शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि– (मुख्य परीक्षा, बैकपेपर/अंकसुधार शुल्क वित्त अधिकारी, वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर के खाता संख्या–4539000100038627 में जमा होगा। बैंक का आई.एफ.एस.सी. कोड–**PUNB 0453900** है। शुल्क आनलाईन/ आर0टी0जी0एस0 द्वारा ही जमा होगा)।	दिनांक : 21.10.2022 से 22.10.2022 तक
4	महाविद्यालयों द्वारा मुख्य परीक्षा, बैकपेपर/अंकसुधार आनलाईन परीक्षा शुल्क एवं आनलाईन आवेदन पत्रों की हार्ड कापी, नामिनल रोल एवं संख्या सूचक तीन प्रतियों में विश्वविद्यालय कार्यालय में जमा करने की निर्धारित तिथि	दिनांक : 28.10.2022 से 29.10.2022 तक **नोट– संख्या सूचक देने पर ही फार्म जमा होगा।**
5	मुख्य परीक्षा, बैकपेपर/अंकसुधार परीक्षा 2022 प्रारम्भ होने की तिथि	परीक्षा दिनांक–05.11.2022 से प्रारम्भ होगी।

परीक्षा नियंत्रक

बैकपेपर/अंकसुधार परीक्षा– 2022 हेतु दिशा–निर्देश

1. शैक्षणिक सत्र नियमित किये जाने, समयान्तर्गत मूल्यांकन एवं परिणाम घोषित किये जाने के दृष्टिगत आवेदन की तिथि किसी भी दशा में विस्तारित नहीं की जायेंगी। अतएव निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार समस्त कार्यवाही पूर्ण करना सुनिश्चित करें।
2. बैकपेपर/अंकसुधार परीक्षा हेतु परीक्षा शुल्क रू0 600/– (छः सौ मात्र) प्रति प्रश्नपत्र है।
3. मुख्य परीक्षा 2022 के बी0ए0 द्वितीय एवं तृतीय वर्ष, बी0काम0 द्वितीय एवं तृतीय वर्ष, बी0एस–सी0 द्वितीय एवं तृतीय वर्ष , बी0एस–सी0 (कृषि) तृतीय एवं चतुर्थ वर्ष के उत्तीर्ण/अनुत्तीर्ण/अनुपस्थित परीक्षार्थी चुने हुए प्रश्न पत्रों में बैकपेपर/अंकसुधार परीक्षा हेतु आवेदन कर सकते हैं।
4. स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष परीक्षा 2022 जनपद जौनपुर, गाजीपुर एवं प्रयागराज तथा अंतिम वर्ष की परीक्षा 2022 जनपद आजमगढ़, मऊ, जौनपुर, गाजीपुर एवं प्रयागराज के उत्तीर्ण/अनुत्तीर्ण/अनुपस्थित परीक्षार्थी मुख्य परीक्षा 2022 में सम्पन्न करायी गई परीक्षा के चुने हुए प्रश्न पत्रों में बैकपेपर/अंकसुधार परीक्षा हेतु आवेदन कर सकते हैं।
5. मुख्य परीक्षा 2022 में सम्मिलित इच्छुक छात्र बैकपेपर/अंकसुधार परीक्षा हेतु आवेदन करना सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त उन्हें बैकपेपर/अंकसुधार परीक्षा हेतु कोई अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा।
6. परीक्षार्थी बैक पेपर/अंकसुधार परीक्षा में यदि मुख्य परीक्षा से कम अंक प्राप्त करता है तो उसे मुख्य परीक्षा का ही अंक प्रदान किया जायेगा।
7. बैकपेपर/अंकसुधार परीक्षा में छात्रों के उत्तीर्ण/अनुत्तीर्ण होने के सम्बन्ध में मुख्य परीक्षा का ही नियम लागू होगा।

8. पर्यावरण/राष्ट्रगौरव में अनुत्तीर्ण/अनुपस्थित छात्र/छात्रायें भी परीक्षा फार्म जमा कर परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं।

पत्रांक : 519 /बैक पेपर/ 2022 दिनांक 18/10/2022

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. निजी सहायक, कुलपति, मा0 कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।
2. आशुलिपिक वित्त अधिकारी, वित्त अधिकारी जी को सूचनार्थ।
3. आशुलिपिक कुलसचिव, कुलसचिव जी को सूचानार्थ।
4. सम्पादक, दैनिक समाचार पत्र .... को इस आशय के साथ प्रेषित कि कृपया अपने सम्मानित समाचार पत्र के आगामी अंक में किसी ऐसे पृष्ठ पर जो पूर्वान्चल के समस्त जनपदों में पहुँचता हो, छात्रहित में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
5. प्रभारी/प्रशासनिक अधिकारी, बैकपेपर, शुल्क जमा होने का सत्यापन होने के पश्चात् ही फार्म जमा करना सुनिश्चित करें।
6. प्रभारी/प्रशासनिक अधिकारी, परीक्षा/गोपनीय/अतिगोपनीय विभाग/उत्तरपुस्तिका को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
7. प्रभारी, एम0आई0एस0 प्रकोष्ठ को इस आशय के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
8. परीक्षा नियंत्रक कार्यालय।

सहायक कुलसचिव
बैकपेपर/अंकसुधार